हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 3 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 24.1 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

12 नगर कीर्तन के दौरान उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



12 अलग-अलग सड़क हादसों में कई घायल, दो की मौत



## खबर संक्षेप

### 45 हजार का सामान चुरा ले गए चोर

**इसराना।** पानीपत के गांव बलाना निवासी किसान नारायण सिंह की चारों ट्यूबवेल के ताले तोड़कर करीब 45 हजार रुपये का सामान चुरा लिया गया। चोरों ने 20-25 हजार रुपए की डोल मेकर मशीन और करीब 20 हजार रुपए की डोरियां चुरा लीं। वहीं दो माह के अंदर किसान नारायण की ट्यूबवेलों पर चोरी की यह चौथी वारदात है। इधर, इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक की हत्या का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने भारत नगर में विवेकपाल की पीटकर हत्या करने मामले में नामजद आरोपियों में से एक विनोद निवासी भूड कॉलोनी गजरौला अमरोहा यूपी हाल किरायेदार भारत नगर पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस ने विवेकपाल हत्याकांड की पूरी जानकारी लेने के लिए आरोपी विनोद को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने नूरवाला अड्डा स्थित एटीएम बूथ पर पैसे निकालने गई महिला रमन देवी का एटीएम कार्ड बदलकर 54990 रुपये की ठगी करने मामले में धर्मपाल पुत्र चंद्र निवासी गांव वजीरपुर टिटाना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में थाना तहसील कैंप में रमन देवी पत्नी रवि निवासी इंद्रा विहार कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है।

# वेद पूरे संसार के लिए ज्ञान की ज्योतिः राज्यपाल

- आयोजन समिति के सदस्य पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को किया सम्मानित
- लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया। फोटो: हरिभूमि

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) लागू की गई है। इसके तहत प्रदेश के गरीब परिवारों में 6 से 60 साल की आयु तक के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने अथवा दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद दी जा रही है। इस योजना के दायरे में एक लाख 80 हजार रुपए तक की आय वाले परिवार आएंगे। ऐसे परिवारों में 1 अप्रैल 2023 से किसी की मृत्यु हुई है या 100 प्रतिशत दिव्यांग हुआ है तो वह परिवार इस योजना का पात्र माना जाएगा। आवेदन के लिए परिवार के पास पीपीपी होना जरूरी है। यदि परिवार में किसी की एक्सीडेंट या प्राकृतिक मृत्यु हुई है, तो उसका मृत्यु प्रमाण पत्र देना होगा। यदि एक्सीडेंट में दिव्यांग हुआ है तो उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र, अस्पताल के डिस्चार्ज के दस्तावेज और एफआईआर की कॉपी जरूरी है।

### दयालु योजना के तहत मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायताः नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) लागू की गई है। इसके तहत प्रदेश के गरीब परिवारों में 6 से 60 साल की आयु तक के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने अथवा दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद दी जा रही है। इस योजना के दायरे में एक लाख 80 हजार रुपए तक की आय वाले परिवार आएंगे। ऐसे परिवारों में 1 अप्रैल 2023 से किसी की मृत्यु हुई है या 100 प्रतिशत दिव्यांग हुआ है तो वह परिवार इस योजना का पात्र माना जाएगा। आवेदन के लिए परिवार के पास पीपीपी होना जरूरी है। यदि परिवार में किसी की एक्सीडेंट या प्राकृतिक मृत्यु हुई है, तो उसका मृत्यु प्रमाण पत्र देना होगा। यदि एक्सीडेंट में दिव्यांग हुआ है तो उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र, अस्पताल के डिस्चार्ज के दस्तावेज और एफआईआर की कॉपी जरूरी है।

# मां सरस्वती का स्वरुप प्रदान करता है हमें जीवन के सूत्रः भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध संगत को मां सरस्वती की महिमा बताते हुए साध्वी सुयशा भारती व श्रवण करती साध संगत।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी सुयशा भारती ने विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की महिमा के बारे में बताया। इस अवसर पर साध्वी बहनों ने अपने मधुर भजनों के गायन से साध संगत को भाव विभोर कर दिया।

साध्वी सुयशा भारती ने कार्यक्रम में सबसे पहले सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने फरमाया कि बसंत पंचमी का त्योहार विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। लेकिन संपूर्ण सृष्टि लय बद्ध नहीं थी। तब ब्रह्मा जी ने तप के द्वारा देवी सरस्वती को प्रकट किया। मां सरस्वती ने अपनी वीणा के संगीत के द्वारा सृष्टि को लयबद्ध चक्कर में बाँध दिया। मां सरस्वती का स्वरूप हमें जीवन के सूत्र प्रदान करता है। माता का श्वेत श्रृंगार हमारे जीवन की पावनता एवं श्रेष्ठ आचरण को दर्शाता है।

मां सरस्वती का वाहन हंस है और हंस विवेक एवं ज्ञान का प्रतीक है। मां सरस्वती के हाथों की वीणा हमें यह बताती है कि जीवन को लयबद्ध करके कैसे जीना है। एक साधक जो तप और त्याग के मार्ग पे चलता है। उसका आचरण शुद्ध एवं परम पावन हो जाता है। जो अपने जीवन को वीणा की तारों की तरह साध लेता है उसी का जीवन संतुलित एवं सधा हुआ होता है। ब्रह्मनिष्ठ गुरु से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करने के पश्चात ही हमारे भीतर विवेक जागृत होता है। जब एक साधक निरंतर ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना करता है। तभी वह उन गहन सूत्रों को पकड़ पाता है जो हमारे पर्व एवं त्योहार हमें प्रदान करते हैं। बिना विवेक और ज्ञान के मनुष्य केवल बाहरी रूप से ही इन त्योहारों को मनाकर कुछ क्षणों की प्रसन्नता प्राप्त कर लेता है।

# लूट की योजना बनाते पांच बदमाश गिरफ्तार

- आरोपियों से पुलिस ने कई हथियार किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। लूट की योजना बनाते हुए पकड़े गए पांच बदमाश पुलिस हिरासत में।

लूट की योजना बनाते हुए एमएम ग्रुप के पुलिस ने पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रुप के मुखिया के बारे में दबिश दी जा रही है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस समेत कई हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया है।

मामले की जांच कर रहे पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि जिले के गांव गुगलों के पास नेशनल हाईवे पर सूनसान स्थान पर खेतों में बने एक मकान में बैठकर पांच युवक किसी लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने सब इंस्पेक्टर रमन, एएसआई संतोष, राजिंद्र सिंह, रणधीर सिंह, विमल,जगतार, मुकेश व सुशील को शामिल कर टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा।

जांच टीम ने दबिश देकर मकान में बैठे पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपियों की तलाशी ली तो उनसे दो पिस्टल, एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस समेत कई हथियार बरामद हुए। पूछताछ करने पर आरोपियों की पहचान पंजाब के लुधियाना के ढिल्लों नगर निवासी बलजीत उर्फ पंजाबी उर्फ जट्ट, अंबाला के गांव सरदेड़ी निवासी विकेश सैनी, साढ़ौरा निवासी गौतम उर्फ मट्टू, बराड़ा के गांव मिलक शेक निवासी गरु अमन उर्फ मावी व बिलासपुर एरिया निवासी एक नाबालिग के रुप में हुई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह हाईवे से किसी गाड़ी को लूटने की योजना बना रहे थे। गाड़ी लूटने के बाद वह किसी अन्य स्थान पर जाकर बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

### आरोपियों पर पहले भी दर्ज हैं मामले

सीआईए वन के प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी बलजीत पर पहले पंजाब में फायरिंग का केस दर्ज हैं। उससे एक पिस्टल व पांच जिंदा राउंड बरामद किए गए हैं। वहीं,आरोपी विकेश सैनी पर पहले दो मामले दर्ज हैं। उससे अब एक पिस्टल व पांच जिंदा राउंड बरामद हुए हैं। बिलासपुर एरिया निवासी नाबालिग पर पहले दो मामले दर्ज हैं। 2024 में उसने डाकखाने में लूट भी की थी और वह जमानत पर बाहर आया हुआ है। इस आरोपी से एक देसी कट्टा व एक जिंदा राउंड बरामद किया गया है। आरोपी गौतम पर पहले दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस आरोपी से अब लोहे की पाईप व बैटरी बरामद हुई है। आरोपी गुरु अमन से लोहे का पाइप बरामद हुआ है। आरोपियों ने बताया कि वह एमएम ग्रुप के सदस्य हैं। इस ग्रुरप को खारवन निवासी मंजोत उर्फ मुन्ना चलाता है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर जांच शुरु कर दी है।

# अवैध देसी पिस्टल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने आरोपी को किया गिरफ्तार
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



पुलिस अधीक्षक राजीव देशवाल के निर्देशन में जिले में आपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने अवैध देसी पिस्टल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर जांच शुरू कर दी है।

मामले की जांच कर रहे पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव बुड़ियां के नजदीक एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। आरोपी के पास एक अवैध हथियार भी देखा गया है। सूचना मिलते ही उन्होंने मुख्य सिपाही मनीष, कुलदीप, संजय, सुनील व जसपाल की टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध देसी पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान बुड़ियां निवासी सुमित उर्फ शाका के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर जांच शुरु कर दी।

### ट्रक व कार की टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

**इसराना।** पानीपत के गांव शाहपुर के पास जावरा मोड़ पर शनिवार की रात को सीमेंट से भरे ट्रक से कार की टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों रोहतक से हरिद्वार जा रहे थे। मृतकों की पहचान सत्येंद्र और राजीव के रूप में हुई है।

सत्येंद्र प्राइवेट कार ड्राइवर था, जबकि राजीव पुलिस से वीआरएस लेकर चांद नगर रोहतक में रह रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुनील, जो गांव शमचाना, रोहतक का रहने वाला है, को पहले एनसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सत्येंद्र व राजीव के शवों को उसके परिजनों को सौंप दिया और ट्रक चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



समालखा। बाबा श्याम के दरबार में पहुंचे श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि

### बाबा श्याम के दरबार में लाखों भक्तों ने मत्था टेका

**समालखा।** चुलकाना धाम में लाखों की संख्या में भक्त बसंत पंचमी पर श्याम बाबा के दरबार में पहुंचे। बसंत पंचमी जहां मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना की जाती, वहीं इसी दिन श्री श्याम बाबा की भी विशेष पूजा अर्चना होती है। उसके साथ ही श्री श्याम बाबा का पीतांबर वस्त्र भी बदला जाता है।

आज पुराने वस्त्र को श्याम भक्तों में बांट दिया गया और श्री श्याम बाबा को नया अंत वस्त्र पहनाया गया। श्री श्याम बाबा का पंचामृत से स्नान करवाया गया। पीले फूलों से श्री श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। भक्त देर रात से ही श्री श्याम बाबा के दर्शन पाने के लिए मंदिर के गेट पर लाइनों में खड़े हो गए थे। जैसे ही मंदिर परिसर को खोला गया। गेट नंबर एक ओर गेट नंबर तीन से भक्तों की लंबी लंबी कतारें लग गई। भक्त लाइनों में दर्शन कर रहे थे और प्रसाद में भक्तों को बाबा का पीतांबर वस्त्र दिया जा रहा था। वहीं चुलकाना धाम में बसंत पंचमी पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। मंदिर कमेटी सेवादारों के साथ व्यवस्था को संभाले रखा। वहीं श्री चुनकट ऋषि जी महाराज के मंदिर में भी हवन और भंडारा किया गया। श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम संस्था द्वारा पीले चावलों का प्रसाद बनाया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।

### महिला की ब्लैकमेलिंग से दुखी उद्यमी लापता हुआ

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 18 निवासी वेस्ट कारोबारी शुभम जैन पुत्र जय नारायण जैन संदिग्ध हालात में लापता हो गया। वहीं पुलिस ने शुभम की स्कूटी पानीपत के टोल प्लाजा के पास से बरामद की है। इधर, शुभम के पिता जय नारायण जैन ने हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पुत्र शुभम जैन का भैंसवाल गांव में वेस्ट कपड़े का काम है। वहीं करीब सात साल पहले शुभम के गौदाम में एक महिला काम करती थी। वहीं महिला ने शुभम पर झूठे आरोप लगाए, जिसमें बाद में पैसे लेकर रुखसाना ने समझौता कर लिया। इसके बाद भी महिला, शुभम को ब्लैकमेल करती रही। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी की शाम करीब साढ़े 6 बजे शुभम घर से यह कह कर गया कि उसे रुखसाना ने काफी परेशान किया हुआ है। वह उससे बात करने जा रहा है। रात करीब सवा 8 बजे शुभम से फोन पर बात हुई तो उसने बताया कि वह रुखसाना से परेशान हो गया है और वह आत्महत्या करेगा। जिसके बाद उसने अपना फोन बंद कर लिया। वहीं जैन ने कहा है कि यदि उनके पुत्र शुभम को कुछ भी हुआ उसकी जिम्मेदार ब्लैकमेल करने वाली महिला होगी। इधर, पुलिस शुभम की तलाश में जुटी है।

- परिजनों को बताया कि वह आत्महत्या करने जा रहा है, पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

# विकास कार्यों में नहीं रहने देंगे कोई कमीः राणा

- हरियाणा के कृषि एवं कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने गांव पांसरा में 1 करोड़ 42 लाख 35 हजार रुपये के विकास कार्यों का किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गांव पांसरा में आयोजित धन्यवादी कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरियाणा के कृषि, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वह रादौर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने देंगे। उन्होंने उक्त दावा पांसरा गांव में एक करोड़ 42 लाख 35 हजार रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए कहे। उन्होंने पांसरा के अलावा रादौर विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव में आयोजित धन्यवादी कार्यक्रमों में भाग लिया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाएं व बुके भेंट कर जोरदार स्वागत किया।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि पांसरा गांव में जो एक करोड़ 42 लाख 35 हजार रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया है। उनमें पांसरा में 76 लाख रुपये की लागत से होने वाली जोहड़ की सफाई व खुदाई, 66 लाख 35 हजार रुपये की लागत से बनने वाले पांसरा में दो सुलभ शौचालयों तथा शादीपुर में तीन सुलभ शौचालयों के निर्माण कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ हलके की जनता ने उन्हें प्यार व मान सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है। उसका वे दिल से धन्यवाद करते हैं। वह हलके की जनता को विश्वास दिलाते हैं कि वे जनता के विश्वास व उनकी उम्मीदों को कभी कम नहीं होने देंगे। उनका सबसे अधिक ध्येय जनता की समस्याओं के समाधान एवं हलके में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाने पर रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मेरी जीत नहीं बल्कि हलके की जनता की जीत है। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी सरपंच अगर अपने विधायक, सांसद व मंत्रियों से जितना ज्यादा सम्पर्क बनाकर रखेंगे उतने ही विकास के कार्य गांवों में समय पर करवा सकते हैं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर हरियाणा को और आगे ले जाने का काम किया जाएगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। भाजपा ने अपने शासनकाल में सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चल विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य रह गए हैं या अधूरे पड़े हैं उन सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा कर दिया जाएगा। ताकि जनता को उनका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हर क्षेत्र में हर वर्ग के हित में योजनाएं बनाई जाएंगी तथा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी विशेष रूप से कदम उठाए जाएंगे।

इस अवसर पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंतार नरेन्द्र सुहाग, पार्षद संजीव व ऊषा, जिला उपाध्यक्ष एससी मोर्चा शिव राम, मंडल अध्यक्ष आदेश राणा, जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य नसीम व मास्टर सतपाल कांबोज आदि मौजूद रहे।

# माता सरस्वती की मूर्ति स्थापना कर मनाया बसंत पंचमी पर्व

- रादौर के धोबी मोहल्ला में बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर की मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। रादौर में धोबी मोहल्ला में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना के अवसर पर पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

रादौर के धोबी मोहल्ला में रविवार को बसंत पंचमी पर्व के मौके पर मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना की गई। इस दौरान पंडित अवध बिहारी पांडे ने पूजा अर्चना करवाकर विधिविधान से मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना करवाई। मौके पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया व भजनों के माध्यम से मां सरस्वती का गुणगान किया गया।

पंडित अवध बिहारी पांडे ने मूर्ति स्थापना से पहले हवन यज्ञ करवाया। इसके बाद विधिविधान से मुर्ति स्थापना की गई। मौके पर मां का गुणगान किया गया और उनसे आर्शीवाद लिया गया। इस अवसर पर पंडित अवध बिहारी पांडे ने सभी को बसंत पंचमी पर्व की शुभकॉमनाएं दी।

श्रद्धालु अनिल कुमार ने बताया कि बसंत पंचमी का त्योहार माता सरस्वती के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। वह हर वर्ष माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर त्योहार को मनाते हैं। मौके पर सुनील कुमार, संजीव, प्रमोद, कैलाश, सोनू, सजीत, दलविंदर व सिकंदर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**घरौंडा।** जीटी रोड स्थित लक्ष्मी धर्म कांटा के पास एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी टक्कर लगने से व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जाँच आरम्भ कर दी है। वार्ड नंबर पांच निवासी विनोद कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि जीटी रोड पर लक्ष्मी धर्म कांटे के समीप उसकी अंडे की दुकान है आज सुबह करीब 7 बजे एक व्यक्ति को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही व्यक्ति सड़क पर गिर गया और बुरी तरह से घायल हो गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### बसंत पंचमी पर सरस्वती का पूजन किया

**करनाल।** छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से पश्चिमी यमुना नहर के किनारे स्थित सूर्य मंदिर में मां सरस्वती का पूजन श्रद्धापूर्वक किया गया। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। समारोह में विधायक जगमोहन आनंद, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता व पूर्व सीएम प्रतिनिधि संजय बठला ने विशेष रूप से शिरकत की। सभी ने मां सरस्वती के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया और लोगों के मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने आहूतियां डाली।

### बसंत पंचमी पर किया भंडारे का आयोजन

**इंद्री।** इंद्री के गांव बीबीपुर जाटान स्थित श्री चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर श्री गणेश व मां सरस्वती की आराधना के लिए महायज्ञ किया गया । कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के महंत कल्याणपुरी महाराज के नेतृत्व में किया गया । महायज्ञ में आचार्य मोहनलाल शर्मा व नीरज कुमार ने पूजा अर्चना करवाई । इस महायज्ञ के यजमान रविंद्र शर्मा रहे । इस मौके पर सुबह से शाम तक श्री गणेश व माता सरस्वती की मंत्र उच्चारण द्वारा वंदना की गई । हवन यज्ञ करने के बाद मंदिर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । मंदिर के महंत कल्याणपुरी महाराज ने बताया कि बसंत पंचमी के उपलक्ष में मंदिर में हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## शिव शक्ति सेवा मंडल ने 15 जरूरतमंद कन्याओं के करवाए हाथ पीले

# सामूहिक विवाह समारोह में स्पीकर ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से नई अनाज मंडी में 23 वे सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे 15 जरूरतमंद कन्याओं की शादी कराई गई। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष व हल्का विधायक हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और वर वधू का आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके जीवन में सदा सुख समृद्धि रहे। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सामूहिक विवाह में अपने निजी कोष से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। जिसको लेकर संस्था के लोगों ने उनका आभार जताया।



घरौंडा। वर वधू को आशीर्वाद देते हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व लोगों को संबोधित करते हुए हलका विधायक हरविंद्र कल्याण। फोटो : हरिभूमि

रविवार को नई अनाज मंडी में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित सामूहिक विवाह में एसडी मंदिर से 15 दूल्हों की बारात को बैंड बाजों के साथ नई अनाज मंडी में लाया गया । जहां पर पूरे रीति रिवाज के साथ उनको परिणय सूत्र में बांधा गया। साथ में वधूओ को गृहिणी सामान भी संस्था की ओर से दिया गया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के सामूहिक विवाह महोत्सव में पहुंचने पर संस्था के पदाधिकारियों ने उनका फूलमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ये वर वधू बंधे परिणय सूत्र में। घरौंडा निवासी एकता संग गाजियाबाद निवासी गौरव, तरावड़ी निवासी गीता फैजअलीपुर खालसा संग संदीप ,घरौंडा निवासी शबनम संग अलीनगर निवासी विशाल,कैमला निवासी मीनाक्षी संग प्रिया दास सोनीपत, कालरम निवासी पायल संग कुरुक्षेत्र निवासी प्रतीक चंद,मुगल माजरा निवासी काजल संग नलवीपार निवासी साहिल,बसी अकबरपुर निवासी रीटा संग राजपूर प्रदीप, कलहेडी निवासी पूजा संग फरीदपुर निवासी सूरज,कलहेडी निवासी प्रीति संग चंडीपुर निवासी राहुल, फैजअलीपुर माजारा अक्षय संग करनाल निवासी पिंकी,शेखपुरिया पुलिया निवासी महक संग चौंचड़ा निवासी विकास, भिवानी अंजली संग अलीपुर खालसा निवासी रोहित ,पिंगली निवासी पूजा संग गनौर निवासी मोहित,असंध निवासी सपना संग राजौंद निवासी नवीन संग परिणय सूत्र में बंधे। जहां पर शहर की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के लोगो सहित गणमान्य लोगों ने वर वधूओ को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मंडी प्रधान सुखबीर संधू, सुशील गर्ग, सुरेंद्र जैन,संस्था के प्रधान कुलदीप सिंह, धीरज भाटिया, दीपक शर्मा, देवेन्द्र धीमान, पुष्कर राज टक्कर, राज सिंगला, डॉ रमेश शर्मा, सतविंदर सिंह, विनोद गोयल, अशोक भटनागर पार्षद अमित गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शिव शक्ति सेवा मंडल के कार्य को सराहा

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक संस्था शिव शक्ति सेवा मंडल हर वर्ष जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवा कर एक सहरानीय कार्य कर रहा है। सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रमों में समाज के हर व्यक्ति ने अपनी भागेदारी सुनिश्चित करते हुए पुण्य कार्य में सभी अपनी आहुति डालनी चाहिए और अधिक से अधिक दान देकर संस्था की मदद करनी चाहिए।



## अनिल विज को मनाने के लिए किसान नौ फरवरी को अंबाला जाएंगे: रतनमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि प्रदेश के उर्जा एंव परिवहन मंत्री अनिल विज को मनाने के लिए किसानों का एक दल आने वाली 9 फरवरी को अंबाला स्थित उनके निवास स्थान पर जाएगा। यह निर्णय दीनबंधू सर छोटू राम किसान भवन में जिलाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह घु6मन की अध्यक्षता में आयोजित की गई मासिक किसान पंचायत में लिया गया। किसान नेता मान ने कहा कि जब से अनिल विज ने अंबाला सहित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठकों में न जाने सहित खुले दरबार न लगाने की घोषणा की है। तब से प्रदेश के किसान, मजदूर सहित आमजन आहत है। उन्होंने कहा कि अनिल विज एक ऐसे नेता है जो लोगों की समस्याओं का एक ही झटके में ईमानदारी से समाधान करने की हि6मत रखते है। ऐसे में उनका नाराज होना कोई सामान्य बात नही है। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने यह स्पष्ट करते हुए कहा कि भाकियू के अनिल विज से मिलने व मनाने के किसी प्रकार के राजनैतिक मतलब न निकाले जाए। 1योंकि किसी को 1या बनाना या नही बनाना यह भाजपा का आंतरिक मामला है। जिससे भाकियू का कोई लेना देना नही है। लेकिन अनिल विज सुलझे हुए एक राजनेता है। अनिल विज की सच्ची सोच व निष्पक्ष कार्यों के लिए आमजन को जरूरत है। बैठक में जिला महासचिव सुरेंद्र बैनीवाल, प्रेमचंद शाहपुर, शाम सिंह मान, धनेतर राणा, दिलावर सिंह डबकोली, यशपाल राणा, जोगिंद्र बस्तली, रणजीत जलमाना,नरेंद्र धूमसी, सुरेंद्र सागवान, लछमन राणा, नेकी राम, जयपाल शर्मा, प्रेम बल्ला आदि रहे।

### कई किसान नेता भाकियू में हुए शामिल

सर छोटू राम किसान भवन में आयोजित की गई बैठक में किसान संगठन को छोड़ कर कई किसान नेता भाकियू में शामिल होंने का ऐलान किया है। जिनमें नगला चौंक के रहने वाले साहब सिंह बाजवा व गुरविंद्र सिंह गोराया के मु2यत: नाम शामिल है। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने साहब सिंह बाजवा को जिला कार्यकारिणी में चेयरमैन तथा गुरविंद्र सिंह गोराया को करनाल खंड का बतौर अध्यक्ष के पद पर नामित किया है। मान ने कहा कि भाकियू का कारवां हररोज बढ़ता जा रहा है।

## सर छोटूराम ने की किसानों, मजदूरों व वंचितों की आवाज बुलंद: योगेन्द्र राणा

- विधायक ने की रक्तदान शिविर में शिरकत, बढ़ाया रक्तदाताओं का हौंसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने हल्के के गांव बल्ला के आर्य समाज मंदिर में किसान मसीहा दीनबंधु सर छोटू राम की 144 वी जयंती व बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर विधायक योगेन्द्र राणा ने किसानों के मसीहा, रहबर-ए-आजम, दीनबन्धु सर छोटूराम जी को नमन करते हुए कहा कि सर छोटूराम युगपरिवर्तनकारी व क्रांतिकारी नेता के रूप में किसानों, मजदूरों, वंचितों के लिए अपनी आवाज़ बुलंद करने वाले थे जिनका जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा। विधायक योगेन्द्र राणा ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान के कई सारे स्वास्थ्य लाभ हैं लेकिन सबसे बड़ा लाभ मनोवैज्ञानिक लाभ है. जब आप रक्तदान करते हैं को आपके मन में एक सुखद अनुभूति होती है कि किसी की मदद करने की. यही आपको तरोताजा महसूस कराती है और आपको खुशी का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि अगर आप नियमित रक्तदान करते हैं तो शरीर में आयरन का स्तर नियंत्रित रहता है।



## विधायक ने क्षेत्र के लोगों संग की चाय पर चर्चा

- चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान विधायक ने जाने सुझाव व सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के विधायक द्वारा प्रत्येक रविवार को शुरू किए गए चाय पर चर्चा कार्यक्रम में लोगों का जबरदस्त क्रेज है। विधायक जगमोहन आनंद से चाय पर चर्चा के दौरान मिलने के लिए बड़ी संख्या में आमजन नेहरू प्लेस में पहुंचे। इस दौरान विधायक जगमोहन आनंद ने शहर की बेहतरी के लिए आमजन के बीच बैठकर विचार विमर्श किया। उन्होंने जनता से भी सुझाव लिए और उन सुझावों पर सामूहिक विमर्श भी किया।

चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरुआत भजन के साथ हुई। इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने सभी से शहर की बेहतरी के लिए सुझाव देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा कार्यक्रम किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे शहरवासियों का प्लेटफॉर्म है। कोई भी व्यक्ति यहाँ आकर अपने सुझाव दे सकता है। यदि सुझाव बेहतर होगा तो अवश्य उस पर कार्य किया जाएगा। विधायक जगमोहन आनंद ने आमजन की समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही उनका समाधान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भारी बहुमत से जीत दिलाकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है। मैं जनता का सेवक हूं और उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज हरियाणा विधानसभा में उठाउंगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आज भी करनाल की जनता से विशेष लगाव है। मैं उनके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर रहा हूं। करनाल की जनता से जुड़ी जरुरी मांगों को तत्काल पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी अपने दौरे के साथ निरंतर करनाल शहर को कोई न कोई योजना की सौगात देकर जाते हैं। शहर में तेज गति से विकास कार्य जारी हैं।



इस मौके पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघी,भाजपा कार्यकर्त्ता रमेश मिड्डा,निशांत शर्मा,जगदीश सभरवाल, प्रमोद नागपाल, पूर्व पार्षद रजनी परोचा सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्त्ता व शहरवासी उपस्थित रहे।



### श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी का पर्व मनाया

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया। श्याम बाबा को पीले वस्त्र पहनाए गए। बसंत पंचमी पर मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद व बागा वितरित किया गया। इस मौके पर पंडित दीपक पांडे ने वसंत पंचमी के दिन ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल से जल छिडकक्रर सरस्वती माता को उत्पन्न किया था, इसलिए इस तिथि पर घर, मंदिर और सभी शैक्षणिक संस्थानों में मां शारदा की पूजा का भव्य आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि श्री खाटू श्याम मंदिर में हर पर्व को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। एकादशी पर विशेष भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। करनाल सहित दूर-दूर लोग दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचते है और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, अनिल गर्ग, महिंद्र गुप्ता, रामकरण गोयल, पवन गर्ग, कृष्ण कुमार मित्तल, हरीश गुप्ता आदि रहे।

## शीशगंज गुरूद्वारे में मनाया बसंत पंचमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के ऐतिहासिक श्री गुरु तेग बहादुर साहिब शीशगंज गुरूद्वारे में रविवार को बंसत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया। जिसमे शुक्रवार को रखे गये श्री अखंड पाठ साहिब जी का दोपहर 3 बजे भोग डाला गया। उसके बाद भारी दिवान सजाया गया। इस कार्यक्रम दरबार साहिब अमृतसर से हजूर रागी जत्थे भाई गुरजिन्द्र सिंह, लुधियाना से भाई सरबजीत सिंह, रागी जत्था बीबी नवलजीत कौर शाहाबाद मारकंडा, भाई जसबीर सिंह बहादुरपुर कुरुक्षेत्र, भाई गरप्रीत सिंह बिब गंज से सहित अन्य रागी जत्था ने गुरु की महिमा का बखान किया। रागी, ढाडी एवं प्रचारकों ने गुरू की महिमा का बखान किया। तरावड़ी के ऐतिहासिक नौंवी पातशाही शीशगंज गुरूद्वारे में बंसत पंचमी के पर्व पर आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी हजारों की संख्या में पहुंची ने गुरू घर मे शीश नवाया। हजारों की संख्या मे संगत ने गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया। गुरुद्वारे में गुरू का सुंदर दरबार सजाया गया। रागी जत्थों ने गुरू की महिमा का बखान कर श्रद्धालुओं को गुरु के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। श्रद्धालुओं ने गुरुओं द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सिख संगत से जुड़े और गुरुद्वारा के सेवादारों ने जोड़े, पार्किंग, लंगर बनाने, लंगर वर्ताने की सेवा की। बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर लगाए गए मेले में हजारों लोगों को खरीदारी करने का मौका मिला। जानकारी देते हुए गुरुद्वारा शीशगंज साहिब नौंवी पातशाही के चेयरमैन गुलाब सिंह मूणक ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर अखंड पाठ रखवाया गया था, जिसके समापन अवसर पर हजारों की संख्या में संगत ने हिस्सा लिया। रागी जत्थों ने गुरू की महिमा का बखान किया।







### विधायक ने बसंत पंचमी पर गोगामाड़ी में नवाया शीश

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को बसंत पंचमी के दिन कलामपुरा में स्थित गोगामाड़ी में गुरु गोरखनाथ जी की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया और समस्त शहरवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने समस्त विधानसभा वासियों को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विधायक जगमोहन आनंद कीर्तन में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने गांव के युवाओं, माताओं व बहनों का विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद देने पर धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि जिन उम्मीदों के साथ लोगों ने उन्हें वोट देकर हरियाणा विधानसभा भेजा है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। लोगों की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का शत प्रतिशत प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण गर्ग, पूर्व सरपंच बंसी लाल, मंडल अध्यक्ष मोहित सचदेवा, जसवंत जोगी, जोगिंद्र जोगी, विक्रम जोगी, विकास, ईश्वर व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## एनसीसी की बी सर्टिफिकेट के लिए लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सात हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के तत्वावधान में सैनिक स्कूल कुंजपुरा में ओवरऑल प्रेसिडिंग ऑफिसर कर्नल अनूप रावत, ग्रुप कैप्टन एस. श्रीनिवासन, एडम ऑफिसर कर्नल निक्सन हरनाल , एम डब्लू ओ ए के सिंह के मार्गदर्शन में एनसीसी की बी सर्टिफिकेट के लिए लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्नल अनूप रावत ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स ने ड्रिल, हथियार, मैप रीडिंग, कंपास के प्रयोग पर 150 अंकों की प्रायोगिक और 350 अंकों की लिखित परीक्षा दी। उन्होंने कहा कि बच्चे 3 वर्ष एनसीसी में एकता एवं अनुशासन के साथ समाज में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं और अपनी मेहनत व लगन से परीक्षा देकर बी सर्टिफिकेट प्राप्त करते हैं । कर्नल निक्सन हरनाल ने बताया कि एनसीसी का उद्देश्य युवा नागरिकों में अनुशासन, चरित्र, भाईचारा, साहस की भावना और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना है। इतना ही नहीं, इसका उद्देश्य उन युवाओं में नेतृत्व के गुणों को जगाना भी है जो राष्ट्र की सेवा करेंगे, चाहे वे किसी भी करियर को चुनें।



### एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने किया भव्य आयोजन

## कल्पना चावला नेशनल वूमेन आवार्ड से किया सम्मान

- अंतरिक्ष परी कल्पना चावला के स्मृति दिवस पर नेशनल वूमेन आइकन अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन डिवेंचर होटल में किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा अंतरिक्ष परी कल्पना चावला के स्मृति दिवस पर नेशनल वूमेन आइकन अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन डिवेंचर होटल में किया गया जिसमें फिल्म अभिनेता अरुण बक्शी, हरियाणवी एक्ट्रेस शिखा राघव ओर अंशु राणा ने सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ रंजोध सिंह एवं चीफ गेस्ट डॉ धनबीर सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ बलविंदर सिंह, इंस्पेक्टर निर्मल बूरा, सुमन सूद, रणधीर सिंह संधू, कल्पना रंगा, विशाल काठ, गौरव गाबा, पवन शर्मा, अजीत राही, पंकज गर्ग, आशीष मलिक रहे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए विशेष कार्य कर रहा है। फाउंडेशन का करप्शन फ्री इंडिया एवं सत्यनिष्ठा शपथ अभियान देश भर में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन कंसल, योगिंद्र कौशिक, प्रधान शाम कपूर, डॉ विक्रम सिंह, अनिल मदान, डॉ सुरेन्द्र नागिया, सुरेन्द्र मोहन गाबा, हरीश वधावन आदि उपस्थित रहे।



### विभिन्न राज्यों की सशक्त महिलाओं का दिया आवार्ड

इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों की सशक्त महिलाओं को नेशनल वूमेन आइकन अवॉर्ड से पगड़ी पहनाकर व सर्टिफिकेट ओर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वूमेन अवॉर्ड से गुंजन भटनागर, रेनू शर्मा, प्रियंका, डॉ निशा गुप्ता, अनीता राही, अनीता कौशिक, सनमदीप कौर, नवजोत, सोनिया, नीना शर्मा, जैस्मीन गर्ग, डॉ अनुराधा नागिया, डॉ दीप्ति शर्मा, वैष्णवी, परमजीत हांडा, आदिति मलिक, महक, अमिता मेहता, हरप्रीत कौर, डॉ सविता रानी, गुंजन शर्मा, रश्मि टेरेंस, पूनम बाली, सारिका मलिक, राज बाला, मीनाक्षी शर्मा, रुचिका मदान, शिल्पा, डॉ गुरप्रीत कौर, डॉ मनप्रीत कौर, रीता मदान, मनजीत कौर, शशि शर्मा, रमा तिवारी, रूपा, निशु सैनी, अपिंदरजीत कौर, कोनिका सक्सेना, नीलू सैनी को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### सत्संग से महंत खुशहाल दास ने निहाल किया

**पानीपत।** पानीपत की सनौली रोड स्थित सत जींदा कल्याणा आश्रम मंदिर में चल रहे तीन दिन के वार्षिक उत्सव के अंतिम दिवस पर श्री श्री 1008 महंत जमना दास जी के आशीर्वाद से महंत खुशहाल दास जी के पावन सानिध्य में यज्ञ से शुभ आरंभ हुआ। तत्पश्चात सत्संग से महंत खुशहाल दास जी पानीपत की जनता को निहाल कर दिया। उन्होंने बताया कि सत्संग का असली लाभ तब है जब हम उसे अपने जीवन में उतारें।

### जनविरोधी है केंद्र का बजट

**पानीपत।** ओबीसी कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव एवं स्व. राजेश पायलट किसान संगठन हरियाणा के जिला अध्यक्ष मोनू रावल ने केंद्र सरकार के बजट को किसान, कामगार, छोटे व्यापारी, युवा और आम आदमी विरोधी करार देते हुए कहा कि आज जो सबसे ज्यादा जरूरतमंद वर्ग है उनकी पूर्णतया अनदेखी की गई है।

### जीडी गोयंका स्कूल में फेयरवेल पार्टी आयोजित

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अलविदा पार्टी का आयोजन किया गया। मिस्टर फेयरवेल का खिताब तुषार को और मिस फेयरवेल का खिताब हुनरप्रीत को दिया गया। मिस्टर चार्मिंग अंशुल और मिस चार्मिंग श्वेता, ईद का चांद अरनव दहिया, ऑल टाइम मनी अंशुल को जय एंड वीरू मनोज और प्रणव को चुना गया।

### डीएवी स्कूल में बसंत पंचमी पर्व मनाया

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार मनाया गया। जिसके अंतर्गत पहली और दूसरी कक्षा के छात्रों ने सर्वप्रथम सरस्वती मां की वंदना की। नन्हे-मुन्नों ने भाषण, भावाभिव्यक्ति, गायन एवं नृत्य के माध्यम से विद्या की देवी सरस्वती मां के प्रति अपना प्रेम एवं श्रद्धा भाव दर्शाया। सभी बच्चे पीले रंग के परिधानों में सरसों के फूलों की तरह खिल रहे थे। बच्चों ने अपनी अध्यापिकाओं के साथ पतंगें उड़ाने का भरपूर आनंद उठाया। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने विद्या की देवी सरस्वती मां को पुष्प अर्पित किए और सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई दी।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया

**पानीपत।** अशोक नगर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सोनू वशिष्ठ ने बताया कि एसोसिएशन ने खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेजिडेंट संगठन द्वारा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के सरपरस्त पुष्पेंद्र शर्मा द्वारा शुभारंभ किया। वहीं प्रधान सोनू शर्मा व एडवोकेट वैभव शर्मा ने बताया संगठन भविष्य में भी क्षेत्र में नशे के खिलाफ कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को जागृत करेगा। इस अवसर पर नशा मुक्ति समाज समिति के सदस्य राजकुमार राणा, राम शर्मा, हर्ष, कमलजीत सिंह, अमन विज, देव व नीटू आदि उपस्थित रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला की हरि सिंह कॉलोनी में पूजा मॉडर्न स्कूल में बसंत पंचमी पर आर्य भट्ट विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने अनेक प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाकर अभिभावकों एवं अतिथियों को आकर्षित किया। इस अवसर पर अनिल शर्मा, कोमल सैनी, श्री राधा कृष्ण गौशाला के प्रधान राजीव जैन, राजेंद्र सैनी, भाजपा नेता बिजेंद्र पांचाल, सचिन पाल, योगेश, नीरज पांचाल, राजेश सैनी, कृष्णा सैनी, बबली , प्रिंसिपल ललिता मल्होत्रा उपस्थित रहे।

### जैन संत निहाल को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** एसएस जैन सभा गांधी मंडी के तत्वावधान में जैन स्थानक में, उत्तर भारतीय प्रवर्तक राष्ट्र संत आशीष मुनि, तत्वचिंतक में उत्तम मुनि, स्वाध्यायी विराग मुनि, बालचंद जी महाराज ठाणे-4, महासाध्वी ज्ञान प्रभा, साध्वी सोनिया आदि ठाणे के पावन सानिध्य में घोर तपस्वी निहाल चंद महाराज की 133वीं जन्म जयंती सामायिक दिवस तथा गुणगान समारोह के रूप में मनाई गई।

---

हिमगिरी पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

# वैज्ञानिक युग में बच्चों का सर्वांगीण विकास होना अति आवश्यक: राठी

- कार्यक्रम में स्कूल की सभी कक्षाओं के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। हिमगिरी स्कूल में मां सरस्वती का पूजन करते हुए विधायक मनमोहन भड़ाना आदि। फोटो :हरिभूमि

हिमगिरी पब्लिक स्कूल, बिहौली रोड़ समालखा में बड़ी धूमधाम व उत्साह के साथ वार्षिक महोत्सव 'उमंग' मनाया गया। जिसमें स्कूल की सभी कक्षाओं के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मुख्यतिथि मनमोहन सिंह भड़ाना एमएलए समालखा व विशिष्ट अतिथि राकेश बूरा डीईओ पानीपत, चेयरमैन पीआर धीमान, सचिव जिले सिंह, रेनु धीमान पार्षद समालखा, राजेश राठी, ज्योति कोचर, मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, राजबीर राठी रिटायर्ड डिप्टी डीईओ, प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उपप्रधानाचार्य रितु लठवाल, एओ रामनिवास पांचाल आदि गणमान्य व्यक्तियों ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं विद्यार्थियों की मासूमियत, सुंदरता एवं प्रतिभा को देखकर सभी अभिभावक भावविभोर हो गए तथा सारा सदन तालियों से गूंज उठा। प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में बच्चों का सर्वांगीण विकास होना अति आवश्यक है और हमारा स्कूल इस उद्देश्य पर हर दृष्टि से खरा उतरने के लिए कटिबद्ध है। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, सांस्कृतिक क्षेत्र हो या खेल का क्षेत्र हो हमारे बच्चों ने प्रत्येक क्षेत्र में अपने सर्वोत्तम परिणाम दिए हैं। खेल के क्षेत्र में स्कूल के खिलाड़ी इंटरनेशनल तक खेल चुके हैं। सभी अध्यापकगण मौजूद रहें।

# बसंत पंचमी पर्व पर हजारों को बांटा कढ़ी चावल का प्रसाद

- तन, मन, धन से जनता की सेवा में समर्पित है आरंभ फाउंडेशन : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आरंभ फाउंडेशन के पदाधिकारीगण पानीपत बार एसो. के अध्यक्ष अमित कादियान को सम्मानित करते हुए।

जिनवाणी विद्या भारती स्कूल में आरंभ फाउंडेशन के द्वारा अपना नौवां फाउंडेशन दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं, बसंत पंचमी के पावन अवसर पर प्रभु प्रसादम्-प्रकल्प के माध्यम से जी टी रोड करीब 2000 लोगों को कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया गया। सर्वप्रथम महोत्सव की शुरूआत केक काट कर की। वहीं, महोत्सव के मुख्य अतिथि दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुनील जैन, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कादियान, राजीव जैन, नवल जिंदल विवेक सिंगला और दीपक गोयल को संस्था की तरफ से पटका पहनखकर और पौधा देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। जबकि संस्थापक मेहुल जैन ने अभिनंदन वक्तव्य देते हुए बताया ही आरंभ फाउंडेशन पिछले नौ सालों से आरंभ फाउंडेशन सेवा एक प्रयास, प्रभु प्रसादम्, पर्यावरण सुरक्षा, स्वच्छता मिशन प्रकल्पों के माध्यम से जन सेवा कर रही है। संस्था के द्वारा चलाए जा रहे कार डस्टबिन वितरण अभियान और सीड्स बाल वितरण अभियान आरंभ फाउंडेशन की पहचान है।

# मेडिकल कैंप में नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


बसंत पंचमी पर निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर विजय बाल निकेतन स्कूल गोपाल कॉलोनी में लगाया गया।

जिसमें आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक औषधियां मरीजों की जांच उपरांत निःशुल्क वितरित की गई। मुख्य अतिथि प्रगतिशील पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष दयानंद यादव रहे। जबकि अध्यक्षता डॉ.संजय राजपाल जिला आयुर्वेद अधिकारी ने की। इस अवसर पर डा. सुदेश पाल, अशोक कुमार, डॉक्टर नितिन रॉय, सुनील कुमार, पप्पू प्रजापति, डीपीएम महीपाल बंसल होम्योपैथिक ओपीडी डा. प्राची साहनी, जसबीर, पूजा, डा. जसबीर, डा. रेखा, डा. नितिन रॉय, हरीश, प्रदीप, संगम, रितेश कुमार,चांदनी, काजल आदि मौजूद रहे।

# जन सेवादल ने जरूरतमंदों को राशन व कंबल बांटे

- बसंत पंचमी पर सभी को केसर वाली खीर का प्रसाद खिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



जन सेवा दल के राशन वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी युधिष्ठर शर्मा।

देवलोक वासी स्वामी विशुद्धानंद की प्रेरणा से व महंत खुशहाल दास जी कलानौर वालों की अध्यक्षता में रविवार को जन सेवा दल द्वारा मासिक राशन बांटा गया। वहीं, महंतजी ने कहा कि जरूरतमंदों के दुःख की समझना व उन्हें सहयोग देना भी सत्संग का स्वरूप है। इधर, शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए राशन के साथ चौथी बार गर्म कंबल भी दिए गए। बसंत पंचमी के शुभ दिन में सभी को केसर वाली खीर भी प्रसाद रूप में खिलाई गई। मंच से राजेंद्र रत्न ने भगवत भक्ति का प्रवचन दिया। समाजसेवी अशोक छाबड़ा, राजपाल सहरावत व राजीव जैन ने जनसेवा दल की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह मानवता की सच्ची सेवा है। युधिष्ठिर शर्मा ने कहा कि विद्या व संगीत की देवी मां सरस्वती की कृपा से ही सभी सेवकों को निरंतर सेवा की प्रेरणा मिल रही है। महामंत्री चमन गुलाटी ने जनसेवा दल व आशियाना के कार्यक्षेत्र का विस्तृत ब्यौरा दिया। समारोह में किशोर गोस्वामी, प्रधान कृष्ण मनचंदा, महामंत्री चमन गुलाटी, समाजसेवी युधिष्ठिर शर्मा, सत जिंदा कल्याणा के प्रधान जयदयाल तनेजा,सुभाष छाबड़ा, अशोक कालड़ा, राहुल तनेजा, शामलाल खुंगर, नारायण कपूर, लेखराज जताना,कमल गुलाटी, राजू कथूरिया, यश बांगा, प्रेम खुराना, शशि भूषण, सुभाष एलाहाबादी व कपिल ग्रोवर आदि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया

- आरोपी जेल में बंद है, बच्ची की अच्छी परवरिश करेगी पीडिता, आरोपी से विवाह करने की भी बात कही,

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव की रहने वाली रेप पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया है। 20 साल की युवती के साथ कंपनी में सुपरवाइजर ने जोर-जबरदस्ती की थी। आरोपी इस मामले में जेल में बंद है। बच्ची को जन्म देने के बाद युवती को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

अब वह अपने गांव में माता-पिता के साथ रह रही है। उसने बच्ची को पालने की ठानी है। साथ ही आरोपी से ही शादी करने की बात कही है। युवती के साथ उसका परिवार खड़ा है।

**यह है मामला:** बीस वर्षीय पीड़िता ने गत वर्ष अगस्त में पुलिस को शिकायत में बताया था कि अपने माता-पिता के साथ पिछले काफी वर्षों से पानीपत के एक गांव में किराये पर रह रही है। वह यहां एक धागा मिल में काम करती थी।

जहां पर मुन्ना नाम का युवक बतौर सुपरवाइजर काम करता था। मुन्ना ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने केस दर्ज किया और अदालत ने मुन्ना को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अब यह केस अदालत में विचाराधीन है।

# कश्यप समाज को राजनीति में मिले भागेदारी : धर्मवीर कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का स्वागत करते कश्यप सभा के सदस्य ।

कश्यप राजपूत सभा के प्रधान धर्मवीर कश्यप ने भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट से मुलाकात कर नगर निगम चुनाव में रिजर्व बीसी ए में की कश्यप समाज की राजनीतिक भागीदारी की मांग की। दुष्यंत भट्ट ने कहा कि जिले में कश्यप समाज बहुत बड़ी तादाद में है लेकिन राजनीतिक भागीदारी में पिछड़ा हुआ है। मेरा पूरा सहयोग कश्यप समाज के साथ रहेगा और इस मामले में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ इस विषय में बात की जाएगी। वहीं सभा के पदाधिकारियों ने दुष्यंत भट्ट का फुल माला पहनाकर व बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चे के जिला अध्यक्ष आरडी कल्याण, राजेंद्र कश्यप, देवी दयाल, जोगिंदर भट्ट, रणधीर कश्यप, कृष्ण कश्यप, सुरेंद्र व प्रवीन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों की नि:शुल्क की जाएगी कानूनी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



जनता को कानूनी जानकारी के लिए पम्पलेट बांटते हुए एडवोकेट मनोज शर्मा ।

पानीपत के राजनगर वार्ड 17 में सरकारी प्राइमरी हेल्थ सेंटर में सीजेएम डीएलएसए की सेक्रेटरी मीनू के निर्देश अनुसार सीनियर अधिवक्ता मनोज शर्मा ने लीगल एन्ड क्लिनिक कैम्प लगाकर कानून के बारे वार्ड वासियों को विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने नलासा एन्ड हालसा की विभिन्न स्कीमें बता कर और लीगल एन्ड पम्पलेट प्रदान किए। जनता को कानून के प्रति और अपने हक लाभ लेने के लिए आसपास जो भी पीड़ित व्यक्ति हो उसकी कानून के माध्यम या डीएलएसए से मदद करने के लिए भी जागरूक किया। मनोज शर्मा एडवोकेट ने बताया की सीजेएम कम सेक्रेटरी मीनू समय-समय पर स्कूलों, डिस्पेंसरी, जिला जेल, गांव व अन्य स्थानों पर जनता को कानून की जानकारी देने और निशुल्क मदद करने के लिए जागृति लाने के लिए वकीलों को आदेशा देकर इस तरह लीगल एड शिविर लगवाते रहते हैं। इस अवसर पर यशपाल शर्मा, परविंद्र सिंह फौजी, हंसी, रणबीर कादियान, सौरभ शर्मा, मोहित, राकेश कुमार, परमजीत कौर, अनिल, विक्की, रिंकू, कपिल,पंकज व विशाल आदि मौजूद रहे रहे।

# जरूरतमंद बच्चों के लिए पाठशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



श्री राधा कृष्ण गोशाला में रानी लक्ष्मी बाई पाठशाला के शुभारंभ पर अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधान राजीव जैन।

बरसत रोड स्थित श्री राधा कृष्ण गोशाला में आज बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। जिसमें मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किया गया। वहीं श्री राधा कृष्ण गोशाला के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों के लिए रानी लक्ष्मी बाई पाठशाला का भी शुभारंभ किया गया। जिसकी शुरुआत 80 बच्चों से की गई। श्री राधा कृष्ण गौशाला के प्रधान राजीव जैन एवं विश्व हिंदू परिषद की ओर से सीएस सिंगला ने बताया कि पाठशाला की शुरुआत आज बसंत पंचमी के पर्व पर 80 बच्चों से की गई है। जिन्हें स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ वर्दी व भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी। इस पाठशाला में आसपास की झुग्गी झोपडियों में रहने वाले बच्चों को पढ़ा लिखा कर अच्छा नागरिक बनाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं इस अवसर पर तुड़े के भंडार के लिए भी एक बड़े शैड की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर प्रधान राजीव जैन,विश्व हिंदू परिषद की ओर से सीएस सिंगला, अतुल कंसल, संजीव जैन, दिनेश खुराना, नवीन बंसल, दिनेश बंसल, रमेश सैनी, वीरेंद्र शर्मा विक्की, अनिल जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। श्री राधा कृष्ण गोशाला के प्रधान राजीव जैन ने कहा कि गौ माता की सेवा के साथ-साथ जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देने का सौभाग्य मिला है।

# सर छोटूराम की याद में गोशाला में दिया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। जाट सभा के पदाधिकारीगण गोशाला के अध्यक्ष के साथ प्रसन्न मुद्रा में।

दीनबंधु सर चौधरी छोटू राम की जयंती के शुभ अवसर पर जाट सभा जिला पानीपत द्वारा शहीद भगत सिंह गोशाला, धर्मगढ के प्रधान आजाद सिंह बांगड़ को 21000 का चेक भेंट किया। इस अवसर पर जाट सभा के पदाधिकारी धर्मवीर श्योराण, सत्यवान संधू, सतवीर नंबरदार, बिजेंदर मान, आर्य विजेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि दीनबंधु सर चौधरी छोटू राम ताउम्र कमेरे वर्ग के लिए संघर्ष किया और देश की आजादी के लिए राह बनाई। दीनबंधु सर चौधरी छोटू राम के प्रयासों से ही भाखडा नांगल डेम की योजना तैयार क गई। जबकि सर साहब के प्रयासों से किसानों को भूमि में उनके हिस्से मिले। दीनबंधु ने कमेरे वर्ग को आत्मसम्मान के साथ जीना सिखाया। दीनबंधु सर चौधरी छोटू राम को कमरे वर्ग के लिए किए गए कल्याणकारी कार्यों के लिए सदैव याद किया जाएगा।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल मैदान गांव काकोदा में प्रतियोगिता आयोजित

# रिग्नाईट इलेवन ने 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



डीआर कार्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता रिग्नाईट इलेवन की टीम।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल मैदान गांव काकोदा में सातवें डीआर कार्पोरेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रिग्नाईट इलेवन और वोल्फ पैक इलेवन के मध्य रविवार री को खेला गया। फाइनल मैच में रिग्नाईट इलेवन 19 रन से विजयी रही, रिग्नाईट इलेवन ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य खोखर के नाबाद 83 रन व हरदीप मलिक के 70 रनों की मदद से 20 ओवर में 5 विकेट पर 188 रन बनाये, लक्ष्य खोखर ने अपनी पारी में 8 चौके व 4 छक्के लगाये, लक्ष्य का पीछा करते हुए वोल्फ पैक इलेवन 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन ही बना सकी, अजित मलिक ने 63 व सीटू ने 43 रन बनाये, हरदीप मलिक ने रिग्नाईट इलेवन के लिये 4 विकेट चटकाये, हरदीप मलिक को मैन आफ द मैच चुना गया, टूर्नामेंट में लक्ष्य खोखर ने सर्वाधिक 305 व अजित मलिक ने 239 रन बनाये, दीपक बिड़ला ने सर्वाधिक 13 विकेट लिए तथा अपने शानदार प्रदर्शन से लक्ष्य खोखर मैन आफ द सीरीज भी चुने गए, सुनील खोखर के सर्वश्रेष्ठ फिल्डर चुने गये, टूर्नामेंट में लीग सिस्टम से 13 मैच खेले गये, टूर्नामेंट के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पानीपत के वरिष्ठ बीजेपी नेता और प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश बत्रा एडवोकेट व अति विशिष्ट अतिथि प्रवीण मलिक ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की, इस अवसर पर सुनील काकोदा, नीना प्रधान, प्रदीप मलिक, दीपक मलिक, सोनू रापड़िया, अमित खोखर आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने ट्रक चालक को पीटा, जांच शुरू

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड के टोल प्लाजा पर चाय पीने के लिए रूके ट्रक चालक को तीन पुलिसकर्मियों ने सड़क पर पीट और उसे अपशब्द कहे। वहीं मारपीट का किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया। पीडित चालक ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह व थाना हुडा सेक्टर 13-17 में तीनों पुलिस कर्मियों की शिकायत दी है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया

**पानीपत।** अशोक नगर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सोनू वशिष्ठ ने बताया कि एसोसिएशन ने खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेजिडेंट संगठन द्वारा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के सरपरस्त पुष्पेंद्र शर्मा द्वारा शुभारंभ किया। वहीं प्रधान सोनू शर्मा व एडवोकेट वैभव शर्मा ने बताया संगठन भविष्य में भी क्षेत्र में नशे के खिलाफ कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को जागृत करेगा। इस अवसर पर नशा मुक्ति समाज समिति के सदस्य राजकुमार राणा, राम शर्मा, हर्ष, कमलजीत सिंह, अमन विज, देव व नीटू आदि उपस्थित रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला की हरि सिंह कॉलोनी में पूजा मॉडर्न स्कूल में बसंत पंचमी पर आर्य भट्ट विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने अनेक प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाकर अभिभावकों एवं अतिथियों को आकर्षित किया। इस अवसर पर अनिल शर्मा, कोमल सैनी, श्री राधा कृष्ण गौशाला के प्रधान राजीव जैन, राजेंद्र सैनी, भाजपा नेता बिजेंद्र पांचाल, सचिन पाल, योगेश आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



नारायणगढ़। छात्रों को नशे के खिलाफ जागरुक करते पुलिस अधिकारी।

### पुलिस ने किया छात्रों को नशे के खिलाफ जागरूक

**नारायणगढ़।** गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल, भूरेवाला में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नशा मुक्ति तथा 112 आपातकालीन सेवा की अहमियत और दुर्गा शक्ति एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें सुरक्षित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। दुर्गा शक्ति महिला इंचार्ज अंजू रानी ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि समाज और परिवार के लिए भी घातक होता है। उन्होंने विद्यार्थीयों को इससे दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### दुकान से 16 हजार की नकदी चुराई

**कैथल।** ढांड की अनाज मंडी से चोर एक दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे 16000 रुपए की राशि चुराकर ले गए। पबनावा के कर्मवीर ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह ढांड की विस्तार अनाज मंडी में दुकान करता है। आरोप है कि चोर 31 जनवरी की रात को उसकी दुकान का ताला तोड़कर उसमें घुसे तथा अलमारी में रखे 16000 रुपए की राशि चुरा कर ले गए। सब इंस्पेक्टर जोगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ज्ञान गंगा प्रवाह के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**राजौंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की राजौंद शाखा द्वारा ज्ञान गंगा प्रवाह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असंध से आई ऊषा व नीलम बहन ने कहा कि आज दिनों दिन दुख परेशानी बढ़ती जा रही है ऐसे में हमारे दुखों को दूर करने का एक ही माध्यम अब हमारे सामने है और वह है हमारा परमात्मा से आंतरिक संबंध। जब हमारा आंतरिक संबंध परमात्मा के साथ होगा तो हम किसी भी परिस्थिति में नही घबराएंगे। लेकिन संतुलन के साथ उसका निराकरण कर लेंगे।

### 21 फीट ऊंचे पोल पर फहराएगी ध्वजा

**कलायत।** कलायत में माडल टाउन स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आयोजन के क्रम में मंदिर की छत पर 21 फीट पोल पर फहराई गई ध्वजा बेहद आकर्षण का केंद्र बिंदू रही। दरबार में सुगंधित पीले फूलों के बीच विराजमान श्री खाटू श्याम की वंदना के साथ भजन हुए।

## 41 करोड़ के बकाया टैक्स की रिकवरी में नगर निगम अधिकारी फेल

# 660 डिफॉल्टर्स को रिकवरी नोटिस पांच करोड़ का टैक्स ही रिकवर हुआ

- हर साल तय होता है रिकवरी टारगेट, कभी पूरा नहीं कर पाए

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला**

प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी को लेकर नगर निगम की ओर से चल रहा अभियान अब दम तोड़ता दिख रहा है। निगम की ओर से महज अभी तक पांच करोड़ के टैक्सकी रिकवरी हो पाई है जबकि प्रॉपर्टी मालिकों की ओर करीब 41 करोड़ का टैक्स बकाया है। उधर एसबीआई ने बकाया 14.50 लाख के प्रॉपर्टी टैक्स को जमा करवा दिया है। बैंक ने बकाया टैकस की अदायगी के लिए दो दिन का समय लिया था। नगर निगम 41 करोड़ के टैक्स की रिकवरी के लिए 660 मालिकों को नोटिस दे चुका है। नगर निगम की ओर से हर साल बजट पेश किया जाता है। बजट में सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी का लक्ष्य रखा जाता है। अभी तक निगम की ओर से पांच करोड़ से ज्यादा की टैक्स की ही रिकवरी हो पाई है। जबकि तय लक्ष्य से यह आंकड़ा बेहद पीछे हैं। अधिकारी हर बजट मीटिंग में शहरी विकास के लिए प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी का लक्ष्य रखते हैं। पिछले कुछ दिनों से निगम की ओर से रिकवरी अभियान चलाया जा रहा है। मगर अब तक अधिकारी लक्ष्य से बेहद पीछे हैं।ऐसे में माना जा रहा है कि इस साल भी निगम की ओर से टैक्स की रिकवरी का तय लक्ष्य हासिल करना बेहद मुश्किल नजर आ रहा है।

### शहर में सवा लाख प्रॉपर्टी यूनिट्स

अंबाला शहर नगर निगम की ओर से पिछले कई दिनों से दोबारा आईडी को सत्यापित करने के लिए अभियान चलाया है। निगम कर्मचारी फील्ड में लोगों की प्रॉपर्टी आईडी को सत्यापित करने का काम कर रहे हैं। शहर में एक लाख 23 हजार प्रॉपर्टी आईडी हैं। अभी तक निगम 27 हजार 100 आईडी को सत्यापित कर चुका है जबकि बाकी लंबित हैं। निगम ने आईडी को सत्यापित करने के लिए बीते वर्ष में अप्रैल माह का लक्ष्य रखा था। इसके लिए नगर निगम और वार्ड में शिविर भी लगाए गए थे लेकिन फिर भी भारी संख्या में प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने का बाकी है। इससे पहले किए गए सर्वे में काफी गलतियां की गई थी। निगम अधिकारियों को भी दोबारा से रिकॉर्ड को ठीक करना पड़ रहा है। कई लोग तो ऐसे भी निगम में पहुंच रहे हैं, जिनके पास निगम के खाते में पांच लाख तक संपत्ति कर बकाया है, जबकि जब एरिया और आईडी को सत्यापित करते हैं तो वह संपत्ति कर हजारों रुपये भी नहीं रह जाता।

### कई प्रॉपर्टी सील की

नगर निगम की ओर से टैक्स रिकवरी को लेकर लगातार मालिकों को नोटिस दिए जा रहे हैं। अभी तक निगम की ओर से 500 से ज्यादा ऐसे मालिक हैं जिनकी प्रॉपर्टी पर लाखों रुपये का टैक्स बकाया है। ये लोग अभी तक टैक्स की रिकवरी में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं जबकि निगम इन्हें कई बार नोटिस भेज चुका है। आने वाले दिनों में ऐसे मालिकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि इन मालिकों की प्रॉपर्टी को सील किया जाएगा। निगम की ओर से ऐसी कई प्रॉपर्टी को सील करने की बात कही जा रही है।

## छात्राओं ने किक बॉक्सिंग के साथ डिफेंस के गुर भी सीखे



नारायणगढ़। किक बॉक्सिंग के गुर सीखती छात्राएं।

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणगढ़**

राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय मार्शल आर्ट कार्यशाला के चौथे दिन ताइक्वांडो प्रशिक्षक नवीन कोहली ने छात्राओं को किक, नी अटैक, ब्लॉकिंग ओर डिफेंस आदि के तरीकों का प्रदर्शन कर दुश्मन पर काबू पाने के गुर सिखाए।

एनसीसी छात्राओं ने भी इस कार्यशाला में अपनी भरपूर भागीदारी दिखाई। कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र ढींगड़ा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से सभी छात्राओं को बहुत लाभ होता है इसके साथ उनका मनोबल बढ़ता है। महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज प्रोफेसर रेनू कुमारी ने बताया कि बेटियों को मजबूत, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।आत्मरक्षा का प्रशिक्षण छात्राओं के आत्म विश्वास को बढ़ाएगा।

इस अवसर पर एन.सी.सी इंचार्ज डॉ.सतीश, डॉ राहुल, डॉ दीपक एवं महिला प्रकोष्ठ समिति के सदस्य डॉ सोनू, इंदु धीमन, सपना सैनी उपस्थित रहे।

## रंगारंग प्रस्तुतियों से छात्रों ने मनाया जश्न

- मुरलीधर डीएवी स्कूजल में विदाई समारोह आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला**

डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के लिए आशीर्वाद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में सुसज्जित विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कला का परिचय देते हुए विद्यालय के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा जेनिस ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अर्थ ने अपनी मधुर आवाज से सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय के हेड बॉय अनादित्य और हेड गर्ल कुंजल ने मंच पर अपने अनुभव सांझा करते हुए विद्यालय को अपने योगदान के लिए धन्यवाद दिया।



अंबाला। विदाई समारोह के दौरान प्रिंसिपल व शिक्षक छात्रों के साथ।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्हें भविष्य में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने इस बैच की प्रशंसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये छात्र अपनी विशिष्ट प्रतिभा से न केवल अपना बल्कि मुरलीधर डीएवी का नाम भी विश्व स्तर पर रोशन करेंगे। इस अवसर पर "मिस और मास्टर डीएवी" प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सुरेश कॉल, नीना सूरी और अलका सैनी ने अपने कुशल नेतृत्व से विजेताओं का चयन किया।

## अलग-अलग सड़क हादसों में कई घायल, दो की मौत

- अनियंत्रित कार ने फलों से भरे छोटे हाथी को टक्कर मारी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलाना**

नोहनी गांव में तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने फलों से भरे छोटे हाथी को टक्कर मारी । हादसे में दो फल विक्रेताओं सहित चार लोग घायल हो गए। राहगीरों नेघायलों को अस्पताल पंहुचाया। यहां डाक्टरों ने घायल रामकुमार को मृत करार दे दिया। हादसे में फल विक्रेता आरीज कुरैशी की टांग टूट गई है।

जानकारी अनुसार गोला गांव का बंटी अपनी कार से बेटी के साथ नोहनी की तरफ जा रहा था। अचानक कार अनियंत्रित होकर रोड पार कर सामने फलों से भरे छोटे हाथी में जा टकराई । इसमें उस समय 4 लोग चपेट में आ गए । आस पास के लोग उन्हें बचाने पंहुचे। सभी को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया । कार की चपेट में आए दो फल बेचने वाले आरीज कुरैशी, अमजद, जय प्रकाश और रामकुमार को हादसे में गंभीर चोटें आई।



मुलाना। क्षतिग्रस्त वाहन से बिखरे फल। फोटो : हरिभूमि

अस्पताल में रामकुमार की मौत हो गई। जबकि आरीज कुरैशी की टांग टूट गई । दो घायल अस्पताल में उपचाराधीन हैं। हादसे में आरोपी कार चालक बंटी को भी चोट आई है जबकि उसकी नौ वर्षीय बेटी इस हादसे में सुरक्षित है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति ज्यादा थी जिसके चलते वह नियंत्रित हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक रामकुमार का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ऑटो पलटने से एक की मौत

त्रिलोकपुर मत्था टेकने जा रहे एक ऑटो के अचानक पलटने से कई लोग जख्मी हो गए। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में घायल हुए बेटे हर्ष ने बताया कि वह पीडब्ल्यूडी के ट्यूबवेल ऑपरेटर रिटायर्ड है। वह परिवार के साथ माथा टेकने के लिए त्रिलोकपुर जा रहे थे। रास्ते में ही ऑटो पलटने पर आगे बैठे पिता प्रमोद कुमार के सिर में अंधरुनी चोट आई थी। देखते ही देखते वह बेसुध हो गए थे। पंजोखरा के निकट जटवाड़ के पास यह हादसा हुआ। अचानक बेसहारा गोवंश आगे आने के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ही पलट गया। हादसे में तोपखाना के रहने वाले 60 वर्षीय प्रमोद कुमार बुरी तरह जख्मी हुए थे। इसी वजह से बाद में उनकी मौत हो गई। जबकि पत्नी नीना गुप्ता, बेटे हर्ष, श्वेता, विमला को थोड़ी चोटें आई है। हादसे में ऑटो चालक भूषण सहित तीन बाल-बाल बच गए। पंजोखरा थाने के अधीन आने वाली पटवी चौकी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

## नगर कीर्तन के दौरान उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- श्री गुरु रविदास के प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन
- बाजार में विभिन्न संस्थाओं ने नगर कीर्तन का किया अभिनंदन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा**

श्री गुरु रविदास जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। श्रद्धा और उत्साह से भरे इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम से पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। नगर कीर्तन का शुभारंभ अनाज मंडी से किया गया। संत मनदीप दास डेरा सिरसगढ़ और संत निर्मलदास डेरे कपाल मोचन ने हरी झंडी दिखाकर नगर कीर्तन को रवाना किया। इस कार्यक्रम में हलका विधायक पूजा चौधरी ने भी शिरकत कर संत श्री गुरू रविदास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।



बराड़ा। नगर कीर्तन को हरी झंडी दिखा रवाना करते हुए संत मनदीप दास।

स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इसके बाद नगर कीर्तन अनाज मंडी से रवाना हुआ और रेलवे ओवरब्रिज, बराड़ा गांव, श्री गुरु रविदास चौक, महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार, राजौली रोड से होते हुए मौजगढ़ गांव में संपन्न हुआ।

### बैंड-बाजे के साथ शामिल हुई पालकी

श्री गुरु रविदास ग्रंथ साहिब को पालकी साहिब में सुशोभित किया गया जिसे श्रद्धालु श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संगत में लेकर चले। नगर कीर्तन में ब्लॉक के विभिन्न गांवों से हजारों श्रद्धालु दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ शामिल हुए। कीर्तनी जत्थों ने नगर कीर्तन मार्ग में श्री गुरु रविदास की वाणी का गुणगान किया जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगर कीर्तन में बैंड-बाजे श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग में विभिन्न स्थानों पर जलपान और प्रसाद वितरण के लिए सेवा स्टॉल लगाए गए थे। सुरक्षा एवं व्यवस्था को बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन और सेवादारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्री गुरु रविदास नगर कीर्तन वेलफेयर सोसायटी के प्रधान मास्टर गुलशन कुमार, उपप्रधान शमशेर सिंह, कैशियर मास्टर लहरी सिंह, सचिव मास्टर संजीव कुमार, कमल बराड़ा, अमरनाथ, पूर्ण सिंह सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे। श्रद्धालु धर्म एवं आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत वातावरण का अनुभव कर भाव-विभोर हो गए।

### दुकान में सेंधमारी लाखों के टायर चोरी

**बराड़ा।** बस स्टैंड के पास स्थित व्हील मार्ट टायर दुकान में रात अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर करीब 1.5 लाख रुपये के टायर चुरा लिए। घटना रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। दुकान मालिक विक्रमजीत के अनुसार चोरों ने उनकी दुकान के पास बनी सीढ़ियों के सहारे अंदर घुसकर वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध ने दीवार तोडक़र अंदर प्रवेश किया। दुकान की तलाशी लेने के बाद सीसीटीवी कैमरों की तारें काट दीं।

रात करीब 3:50 बजे एक सैंट्रो कार दुकान के सामने रुकी जिसमें तीन लोग सवार थे। कार से एक व्यक्ति कार से उतरकर दुकान में प्रवेश करता दिखा। इसके बाद तीनों ने मिलकर 42 मोटरसाइकिल टायर और 18 कार टायर जिनमें 4 सैंट्रो के टायर भी कार में लोड किए।

## अजय तोमर आज संभाल सकते हैं डीसी का चार्ज

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला**

2012 बैच के आईएएस तोमर रह चुके हैं नगर निगम के कमिश्नर पहली पोस्टिंग में मिला था एसडीएम का चार्ज

2012 बैच के आईएएस अजय सिंह तोमर अंबाला में बतौर डीसी सोमवार को चार्ज ले सकते हैं।तोमर इससे पहले भी अंबाला में बतौर एसडीएम सेवाएं दे चुके हैं जबकि उनकी पत्नी डॉ. संगीता तेतरवाल नगर निगम की कमिश्नर रह चुकी हैं। 42 वर्षीय अजय सिंह तोमर बतौर डीसी अंबाला में पहली बार चार्ज संभालेंगे। हालांकि इससे पहले वे यहां एसडीएम के तौर पर तैनात रह चुके हैं। असम-मेघालय कैडर के आईएएस अजय सिंह का दस साल पहले हरियाणा कैडर में ट्रांसफर किया गया था। तोमर ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2011-12 में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में देश भर में 88 वां रैंक प्राप्त किया था जिसके फलस्वरूप उन्हें असम-मेघालय का आईएएस कैडर अलाट किया गया था। हालांकि 2013 बैच की हरियाणा कैडर की महिला आईएएस डॉ. संगीता तेतरवाल से विवाह कारण अजय को असम-मेघालय से हरियाणा में स्थानांतरित कर दिया गया था। अजय का गृह राज्य दिल्ली है जबकि डॉ. संगीता का गृह क्षेत्र राजस्थान है। अजय सिंह आईआईटी. खड़गपुर से इंजीनियरिंग ग्रेजुएट (बीटेक) हैं जबकि उनकी पत्नी डॉ. संगीता के पास एमबीबीएस (चिकित्सक) डिग्री है। संगीता सितंबर 2023 से अगस्त, 2024 तक अंबाला शहर के नगर निगम की कमिश्नर भी रही थी। वहीं अजय तोमर को जब असम-मेघालय से हरियाणा आईएएस कैडर में ट्रांसफर किया गया था तो उन्हें सबसे पहली पोस्टिंग अंबाला में बतौर एसडीएम अप्रैल,2015 में मिलीथी। इसके बाद वे मार्च 2016 तक अंबाला नगर निगम में कमिश्नर भी तैनात रहे थे। अजय अंबाला से पहले चरखी दादरी, सिरसा और फतेहाबाद जिलों में भी डीसी तैनात रहे चुके हैं।

## मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलाना**

बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर पुरानी अनाज मंडी स्थित शिव शक्ति मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर ज्ञान, बुद्धि और विद्या की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और हवन से हुआ। मंदिर के पुजारी भागवत ने बताया कि बसंत पंचमी विद्या, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती की आराधना का पर्व है। इस दिन पीले वस्त्र पहनने और पीले रंग के व्यंजनों का सेवन करने की परंपरा है। इस अवसर पर विशेष प्रसाद का वितरण



किया गया और मंदिर को फूलों एवं रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यरूप से समाजसेवी नरेंद्र बिलमा व गांव के गणमान्य लोग जिन में दिव्यांश गोयल,कुलदीप बंसल, मनीष जिंदल, सचिन जिंदल,अक्षित,भरत शर्मा व पंडित भागवत रतूड़ी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## सीएम की पत्नी सुमन सैनी ने कार्यक्रम में की शिरकत

# बसंत पंचमी पर्व से बसंत ऋतु की शुरुआत

- कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सम्मानित किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला**

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा रविवार को लघु बाल भवन अंबाला छावनी में बंसत पंचमी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। उन्होंने दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने बाल भवन में कंप्यूटर सेंटर, सिलाई-कढाई व ओपन शैल्टर होम का अवलोकन किया। उन्होंने सिलाई-कढाई केद्र में आर्ट एंड क्राफ्ट से बनाए गए सामान की जमकर सराहना भी की। इस अवसर पर एक बच्ची ने उपाध्यक्ष सुमन सैनी को मेहंदी भी लगाई।

सैनी ने बसंत पंचमी त्योहार की पूरे प्रदेश वासियों को बधाई देते हुए कहा कि हम बसंत पंचमी का त्यौहार मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन खासतौर पर बसंत ऋतु के आने और देवी सरस्वती की पूजा का होता है। इस दिन विद्या, ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा का विशेष महत्व है। बसंत पंचमी का त्यौहार भारत के अलग अलग हिस्सों में अलग अलग तरीकों से मनाया जाता है। यह त्यौहार बसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है। बसंत पंचमी का त्यौहार पुराने समय से मनाया जा रहा है। यह त्यौहार बसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है, जब प्रकृति अपने सबसे सुंदर रूप में खिलती है। बसंत पंचमी को वसंत ऋतु के आगमन के रूप में भी मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन से ठंड का मौसम खत्म होने लगता है और मौसम में बदलाव आता है। खेतों में सरसों के पीले फूल खिलते हैं, जो वसंत पंचमी के पीले रंग को दर्शाते हैं। लोग इस दिन पीले कपड़े पहनते हैं और पीले रंग के पकवान जैसे खिचड़ी और हलवा बनाते हैं। बसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण कण खिल उठता है। मानव तो क्या पशु पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं। उन्होंने इस अवसर पर लघु बाल भवन व एसडी विद्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की निदेशिका के संयुक्त प्रयासों से स्लम बस्ती व समाज की मुख्य धारा के कटे हुए बच्चों को आश्रय देते हुए समानता का अधिकारी दिलाने में व उनके उत्थान के लिए जो कार्य किए जा रहें हैं उसकी भी सराहना की। उन्होनें यह भी कहा कि यदि किसी को भी कोई निराश्रित बच्चा मिलता है तो बाल कल्याण परिषद् या शिशु ग्रह में उसे भिजवाएं ताकि ऐसे बच्चों को भी आश्रय देते हुए उनका भविष्य सुरक्षित किया जा सकें। उन्होंने इस मौके पर सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, खो-खो खेल, फुटबाल व अन्य की प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि बंसत पंचमी पर पंतगबाजी का विशेष महत्व होता है, इसी परंपरा को निभाते हुए उन्होंने पंतग उड़ाकर सभी को इस पर्व की बधाई दी। समारोह में उपाध्यक्ष ने स्लम बस्ती में रहने वाले बच्चों को वस्त्र देकर उन्हें भी इस पर्व की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके साथ बीच में बैठकर चित्र भी खिचवाया।



अंबाला। सम्मानित किए गए बच्चों के साथ सुमन सैनी।

रस्म पगड़ी / श्रद्धांजलि सभा



स्व. श्री सूरजमल शर्मा जी

आप सभी को बड़े दुखी ह्रदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री सूरजमल शर्मा पुत्र स्व. पंडित अतर सैन शर्मा अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 25 जनवरी 2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति हेतु रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक 05 फरवरी 2025 (बुधवार) को स्थान श्री रामलीला भवन, रामलीला मैदान कस्बा सरधना, जिला मेरठ (उत्तर प्रदेश) में होगी।

ब्रह्मभोज - दोपहर 12.00 बजे, शोकसभा एवं रस्म पगड़ी - 02.00 बजे

शोकाकुल परिवार

योगेन्द शर्मा - माधुरी शर्मा (पुत्र एवं पुत्रवधु) (प्रमुख संवाददाता हरियाणा, हरिभूमि)
अनुज शर्मा - मनोरमा शर्मा (पुत्र एवं पुत्रवधु) अनू शर्मा - संजीव शर्मा (पुत्री एवं दामाद)
विकास शर्मा - शुभ्रा शर्मा (पुत्र एवं पुत्रवधु) प्रथम शर्मा, आदित्य शर्मा, धैर्य, आरिन (पौत्र)
आशीष शर्मा - राधिका शर्मा (पुत्र एवं पुत्रवधु) अपर्णा शर्मा, अनन्या शर्मा, वैष्णवी (पौत्री)